स्कार्पियो की टक्कर से युवक की मौत

दोस्त की बर्थडे पार्टी में गया था मृतक, लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर हादसा

परियावां, प्रतापगढ़। दोस्त की जन्मदिन पार्टी में शामिल होने गये ३० वर्षीय युवक की सड़क हादसे में मौत हो गयी। लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर करेटी बाईपास के पास गुरुवार देर रात तेज रफ्तार काले रंग की स्कार्पियो ने उसे टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल युवक को पुलिस सीएचसी ले गयी, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। युवक अपने पिता का इकलौता बेटा था। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

कुंडा कोतवाली क्षेत्र के हरनामगंज निवासी हरिओम केसरवानी पुत्र पप्पू केसरवानी गुरुवार देर रात आधा दर्जन से अधिक दोस्तों के साथ करेटी बाईपास के पास हाईवे के नजदीक जन्मदिन की पार्टी में शामिल था। इसी दौरान तेज रफ्तार से आई अज्ञात काले रंग की स्कार्पियो ने उसे जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे में हरिओम गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची कुंडा पुलिस उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गयी, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गयी। इकलौते बेटे की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। क्षेत्राधिकारी कुंडा शिव नारायण वैष्य ने घटना को दुखद बताते हुए लोगों से यातायात नियमों का पालन करने और हाईवे पर जोखिम भरी गतिविधियों से बचने की अपील की। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर आगे की कानूनी कारवाई शुरू कर दी है। टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

मारपीट और जानलेवा हमले में युवती सहित तीन गिरफ्तार

पट्टी, प्रतापगढ़। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के बाभनपुर गांव में मारपीट और जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को एक युवती समेत तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, दो आरोपित प्रयागराज जाने के लिए बस पकड़ने की फिराक में थे। पुलिस ने बाभनपुर गांव निवासी वंदिता वर्मा उर्फ अंतिमा वर्मा (२२) को पट्टी मार्ग पर दमड़ी गांव के पास से गिरफ्तार किया। वहीं, बृजभान वर्मा उर्फ चंद्रभान उर्फ नन्हे (२६) और राजेश वर्मा उर्फ नन्हके (२३) को सदहा तिराहे से पट्टी की ओर करीब ४०० मीटर दूर पकड़ा गया। दोनों सुबह करीब ४.१७ बजे प्रयागराज जाने की तैयारी में थे। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देश पर वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत उपनिरीक्षक सचिन कुमार, जावेद अहमद खान और पुलिस टीम ने कारवाई की। तीनों आरोपितों को न्यायालय में पेश करने की विधिक कारवाई की जा रही है।



कुसुमी स्थित सरोजनी इण्टर कालेज में कन्या भोज कराती प्रबन्धिका जयलक्ष्मी।

सरोजनी इंटर कालेज में १५१ कन्याओं का पूजन, कराया गया भोज

प्रतापगढ़। सदर विकास खण्ड क्षेत्र के कुसुमी स्थित सरोजनी इंटर कालेज में नवरात्र के पावन अवसर पर कन्या पूजन कार्यक्रम के पष्चात् भोज कराया गया है। यह कार्यक्रम हर्षाल्लास एवं श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रबंधिका जय लक्ष्मी ने कन्याओं के पैर धोकर और विधि-विधान से उनका पूजन कर किया। इसके बाद १५१ कन्याओं को श्रद्धापूर्वक भोजन कराया गया। भोजन के उपरांत प्रसाद विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों में वितरित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन विद्यालय की शिक्षिका गोल्डी सिंह ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. राजेश भट्ट ने नवरात्र में कन्या पूजन के धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनकी पूजा करने की परंपरा है। कन्या पूजन के माध्यम से नारी शक्ति के सम्मान, श्रद्धा और संस्कारों का संदेश मिलता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कन्या पूजन कार्यक्रम पूर्ण आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ।

कन्या पूजन के महत्व पर प्रधानाचार्य ने डाला प्रकाश

पीड़िता के साथ मारपीट करने वाले पति के खिलाफ केस दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़। उदयपुर पुलिस ने रंजिश को लेकर पीड़िता के साथ मारपीट तथा गालीगलौज एवं धमकी को लेकर आरोपित के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के पूरे पाण्डेय निवासी फूलचन्द्र वर्मा की पत्नी इन्द्रावती ने दी गयी तहरीर में कहा है कि वह पन्द्रह अक्तूबर को हैण्डपम्प पर पानी भरने गयी थी। इसी बात को लेकर उसके पति फूलचन्द्र पुत्र मथुरा प्रसाद ने गाली देते हुए उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि आरोपित ने पीड़िता को जहर जैसी दवा पिलाने का भी प्रयास किया। शिकायत करने पर आरोपित ने पीड़िता को जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ केस दर्ज किया है।



त्रिलोचनपुर सहकारी समिति पर खाद के लिए जुटे ग्रामीण।

समितियों में तालाबंदी, डीएपी खाद के लिए भटक रहे किसान

आलू, सरसों, मटर और चने की बोआई प्रभावित होने की आशंका

परियावां, प्रतापगढ़। कालाकांकर विकास क्षेत्र में डीएपी खाद की उपलब्धता और वितरण को लेकर किसान परेशान हैं।

कई साधन सहकारी समितियों में ताला बंद रहने से किसानों को खाद के लिए सुबह से शाम तक इंतजार करना पड़ रहा है। आलू, सरसों, मटर और चने की बुवाई के समय खाद नहीं मिलने से उनकी मुश्किलें बढ़ गयी हैं।

त्रिलोचनपुर साधन सहकारी समिति के सदस्य रानीमऊ निवासी अनूप कुमार शुक्ला ने बताया कि समिति अक्सर बंद रहती है। पूर्व सचिव के निधन के बाद करमगंज समिति के सचिव को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वह तीन दिन करमगंज और तीन दिन त्रिलोचनपुर समिति का काम देखते हैं।

इससे किसानों को परेशानी होती है। विकास क्षेत्र में परियावां, आलापुर, अदलाबाद, ऐठू, जनवामऊ, त्रिलोचनपुर, करमगंज, दयालपुर और बभनपुर समेत नौ साधन सहकारी समितियां हैं। किसानों का कहना है कि खाद मिलने की उम्मीद में पहुंचने के बाद भी उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ता है।

एडीसीओ सहकारिता कुंडा विजय सिंह ने बताया कि रोस्टर के अनुसार समितियों पर डीएपी भेजी जा रही है।

जिले में १७० समितियों के सापेक्ष १२४ सचिव ही तैनात हैं। कर्मचारियों की कमी से खाद वितरण में दिक्कत आ रही है।

पेड़ काटने से मना करने पर बुजुर्ग को पीटा

गौरा, प्रतापगढ़। फतनपुर थाना क्षेत्र के सुवंसा नौडेराडीह गांव में हरे पेड़ काटने का विरोध करने पर बुजुर्ग और उनके पुत्र के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना में हरिशंकर मिश्रा के मुंह और दांत में गंभीर चोटें आई हैं।

पीड़ित के मुताबिक, घर के सामने स्थित जमीन और बाग को लेकर रानीगंज एसडीएम न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन है। वह जमीन को अपनी पुश्तैनी संपत्ति बताते हैं। आरोप है कि पड़ोसी अपने दो पुत्रों और दो अज्ञात लोगों के साथ बाग में हरे पेड़ काट रहे थे। विरोध करने पर आरोपितों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे उनके पुत्र को भी पीटा गया। घटना की सूचना डायल ११२ पुलिस को दी गयी। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस के पहुंचने के बाद भी विपक्षी पेड़ काटकर उठा ले गये। हरिशंकर मिश्रा ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर कारवाई की मांग की है। पुलिस ने जल्द कारवाई का आश्वासन दिया है।



बरामद पटाखे के साथ खड़ा पुलिसकर्मी।

घनी आबादी में रखा था २८.६ किलो पटाखा, युवक गिरफ्तार

लाइसेंस में निर्धारित स्थान से अलग मकान में मिला भंडार

बाबागंज, प्रतापगढ़। महेशगंज थाना क्षेत्र के माघी चैनगढ़ गांव में पुलिस ने घनी आबादी के बीच एक मकान से २८.६ किलोग्राम पटाखे बरामद किए।

पुलिस ने मौके से मो. लक्की (१९) को गिरफ्तार किया है। बरामद पटाखों को पानी से भरे तालाब में डालकर निष्प्रयोजित करा दिया गया। पुलिस के अनुसार, १५ अक्तूबर की रात उपनिरीक्षक संतोष कुमार और महिला उपनिरीक्षक वंदना वर्मा पुलिस टीम के साथ हीरागंज बाजार में चेकिंग कर रहे थे।

इसी दौरान सूचना मिली कि गांव में लाइसेंस में निर्धारित स्थान से अलग मकान में पटाखे रखे गये हैं। तलाशी के दौरान बोरियों में भरे पटाखे मिले। पूछताछ में युवक ने त्योहार पर बिक्री के लिए पटाखे रखने की बात स्वीकार की। वह भंडारण की वैध अनुमति नहीं दिखा सका।

पुलिस ने विस्फोटक अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज कर विधिक कारवाई शुरू कर दी है।

सराफा कारोबारी की हत्या में पत्नी सहित चार आरोपित गिरफ्तार, भेजे गये जेल

लालगंज, प्रतापगढ़। लालगंज कोतवाली क्षेत्र में सर्राफ कारोबारी उमाशंकर उर्फ गुड्डू कौशल की हत्या के मामले में पुलिस ने उसकी पत्नी सुमन समेत चार आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शुक्रवार को पुलिस और एसओजी टीम ने संयुक्त कारवाई करते हुए आरोपितों को दबोचा। पुलिस ने उनके कब्जे से मृतक का मोबाइल फोन और बाइक भी बरामद की है।

बाजार खास निवासी उमाशंकर का शव गुरुवार सुबह नहर किनारे मिला था। मृतक के छोटे भाई दीपू कौशल की तहरीर पर पुलिस ने पत्नी सुमन, उसके कथित प्रेमी शहंशाह और अज्ञात आरोपितों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचने पर परिवार में कोहराम मच गया। शुक्रवार सुबह परिजनों ने अंतिम संस्कार किया। पुलिस के मुताबिक, कोतवाल आलोक कुमार के नेतृत्व में टीम ने जगन्नाथपुर नहर पुलिया के पास से धारूपुर निवासी शहंशाह, विशाल शुक्ला और अविनाश तिवारी को गिरफ्तार किया। वहीं, महिला पुलिसकर्मियों की मदद से सुमन को कालाकांकर रोड के पास जंगल के समीप हिरासत में लिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी आलोक कुमार ने सीओ राजीव द्विवेदी के साथ घटना के खुलासे की जानकारी दी। पुलिस मामले में हत्या के पीछे प्रेम संबंध और जमीन से जुड़े विवाद समेत सभी पहलुओं की जांच कर रही है। घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं।

प्रेम संबंध और जमीन के विवाद को लेकर हत्या की आशंका

प्रसव के दौरान अधिक रक्तस्राव से महिला की मौत

प्रतापगढ़। घर में सामान्य प्रसव होने के बाद अधिक रक्तस्राव होने से प्रसूता की हालत बिगड़ गयी। परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे यहां से उसे स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल प्रयागराज रिफर कर दिया। जबतक परिजन उसे लेकर जाते उसकी सांसे थम गयी। महिला की मौत को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। बाघराय थाना क्षेत्र के लोदीपुर बिहार गांव निवासी वैभव की २७ वर्षीय पत्नी सपना देवी गर्भवती रही। गुरुवार रात उसे प्रसव पीड़ा हुई तो आसपास की महिलाएं घर में उसका सामान्य प्रसव करा दिया। प्रसव के बाद अधिक रक्तस्राव होने के कारण उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों उसे लेकर सीएचसी कुंडा लाए। प्राथमिक उपचार के बाद भी उसकी हालत गंभीर बनी रही तो डाक्टर ने उसे स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल रिफर कर दिया। परिजन जब तक प्रसूता को इलाज को ले जाते, सीएचसी में ही उसने दम तोड़ दिया। महिला के मौत को लेकर परिजनो में कोहराम मच गया।

पांच माह से मायके में रह रही युवती की अचानक मौत

प्रतापगढ़। पांच माह से मायके देल्हूपुर गयी लीलापुर के रसूली बाजार आदमपुर की महिला की गुरुवार शाम अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गयी। परिजनों का कहना है कि घर में रखी दवा खाने से उसकी तबीयत बिगड़ी थी। इलाज के दौरान मौत हो गयी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

आदमपुर निवासी के पवन कुमार सरोज की शादी करीब सात साल पहले देल्हूपुर की २६ वर्षीय अनीता सरोज के साथ हुई है। उसे ५ साल के जुड़वा बेटे हैं। पवन चेन्नई में रहता है। गुरुवार दोपहर अनीता ने घर में रखी दवा खा लिया। हालत बिगड़ने के बाद परिजन उसे मेडिकल कालेज ले गये। वहां से प्रयागराज रिफर किया गया। प्रयागराज ले जाने पर उसकी मौत हो गयी।

परिजन शव लेकर लौटे तो उसे पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया। चर्चा रही कि उसकी पांच माह से पति से बात नही हो रही थी। अब उसकी मौत के बाद पति चेन्नई से घर आ रहा है। लीलापुर एसओ वारिज कसेरा ने बताया कि अभी कोई शिकायती पत्र नही मिला है। बताया जा रहा है कि दवा खाने से उसकी मौत हुई है।



लालगंज के सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज में विज्ञान मेले में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देते मेधावी।

विज्ञान मेले में मेधावियों ने दिखाया हुनर

लालगंज, प्रतापगढ़। नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में शुक्रवार को दो दिवसीय प्रान्तीय विज्ञान मेले का समारोहपूर्वक शुभारंभ हुआ। काशी प्रान्त से जुड़े विद्यालयों के मेले का शुभारंभ प्रो. डा. प्रभांशु ओझा तथा निदेशक आचार्य राम अवधेश मिश्र एवं देवेन्द्र सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन कर किया। मेले में प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, अमेठी, जौनपुर, सोनभद्र, मिर्जापुर, प्रयागराज, वाराणसी के विद्या मन्दिरों से आये मेधावियों ने शिशु, बाल एवं किशोर तथा तरूण वर्ग की प्रतियोगिता में आधुनिक विज्ञान के माडल प्रस्तुत किये। उदघाटन सत्र में छात्र छात्राओं ने राष्ट्रीयता से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की भी मनोहारी झलक प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि दिल्ली के हंसराज विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डा. प्रभांशु ओझा ने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में देश की उपलब्धि वैश्विक पटल पर मान बढ़ा रही है। विशिष्ट अतिथि हाईकोर्ट के अधिवक्ता सत्यांशु ओझा, संभाग निरीक्षक ओमप्रकाश ने भी विज्ञान की महत्ता पर प्रकाश डाला। विद्या भारती के प्रदेश निरीक्षक शेषधर द्विवेदी ने आयोजन के उददेश्य पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक राम अवधेश मिश्र तथा संचालन विद्या मंदिर सीनियर सेकेण्डरी स्कूल के प्रधानाचार्य महेन्द्र कुमार तिवारी ने किया। विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य उमाशंकर मिश्र ने स्वागत तथा शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य प्रवेश नारायण सिंह ने आभार प्रदर्शन किया। इस मौके पर एसएन त्रिपाठी, उमेशपाल मिश्र, केशवराम ओझा, ज्ञानप्रकाश शुक्ल आदि रहे।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मन मोहा

छात्रा से छेड़खानी और परिजनों को धमकी की शिकायत

सुवंसा, प्रतापगढ़। फतनपुर थाना क्षेत्र में दुर्गा पूजा पंडाल के पास हुड़दंग का विरोध करने की रंजिश में छात्रा से छेड़खानी और उसके परिजनों से गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कारवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार, १४ अक्तूबर की रात करीब १० बजे कुछ लोग मोटरसाइकिल से पूजा पंडाल के पास पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। समिति के सदस्यों ने विरोध किया तो आरोपित रंजिश रखने लगे। आरोप है कि १५ अक्तूबर को दोपहर करीब तीन बजे इंटर कालेज से घर लौट रही छात्रा को रास्ते में रोककर धक्का दिया गया और दुपट्टा खींचकर अभद्रता की गयी। शोर सुनकर परिजन और अन्य लोग पहुंचे तो आरोपित धमकी देते हुए भाग निकले। सुवंसा चौकी प्रभारी ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

रेस्टोरेंट में पुलिस की छापेमारी से मची खलबली, व्यापारियों ने जताया रोष

सांगीपुर कोतवाली के पास संचालित रेस्टोरेंट में पांच जोड़े मिलने की चर्चा

सांगीपुर, प्रतापगढ़। स्थानीय बाजार में कोतवाली से करीब ५० मीटर की दूरी पर स्थित ओयो सुकून रेस्टोरेंट में शुक्रवार दोपहर पुलिस ने छापेमारी की।

कारवाई के दौरान रेस्टोरेंट के अलग-अलग कमरों में पांच जोड़े मौजूद मिले। पुलिस ने मैनेजर से रजिस्टर लेकर युवक-युवतियों के नाम और पहचान पत्रों की जांच की।

जानकारी के अनुसार, दोपहर करीब डेढ़ बजे मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक विजय कुमार यादव पुलिसकर्मियों और महिला पुलिस के साथ रेस्टोरेंट पहुंचे। पुलिस की कारवाई से वहां मौजूद लोगों में खलबली मच गयी। आरोप है कि पुलिस ने कमरों की विस्तृत जांच करने के बजाय खाली कमरों को देखकर ही कारवाई समाप्त कर दी। हालांकि, इन आरोपों की पुष्टि नहीं हो सकी है।

स्थानीय व्यापारियों और निवासियों ने रेस्टोरेंट में कथित अनैतिक गतिविधियों को लेकर नाराजगी जताई।

उन्होंने जिलाधिकारी से मामले की जांच कराने और नियमानुसार कारवाई की मांग की है। रेस्टोरेंट मैनेजर आशीष यादव ने बताया कि इसके मालिक अजय यादव और इलियास खान हैं, जो लालगंज के निवासी हैं। थानाध्यक्ष गौरव त्रिवेदी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन बात नहीं हो सकी।

नदी में डूबे किशोर का शव मिला

प्रतापगढ़। पैर धुलते समय फिसलकर बकुलाही नदी में डूबे किशोर का शुक्रवार सुबह करीब छह बजे २०० मीटर दूर लगाए गये पुलिस के जाल में फंस गया। शव बाहर निकाले जाने के बाद परिवार के लोग चीत्कार करने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मानधाता थाना क्षेत्र के पल्हान गांव निवासी मोहम्मद मोबीन का १३ वर्षीय बेटा आसिफ गुरुवार दोपहर गांव के बच्चों के साथ घर से करीब २०० मीटर दूर बकुलाही नदी की ओर गया था। पैर में मिट्टी लगने पर वह नदी में धुलने लगा। तभी फिसलकर गहरे पानी में डूब गया। जानकारी मिलते ही गांव के लोग पहुंचे और नदी में उसकी तलाश की जाने लगी। मौके पर पहुंचे एसओ धनंजय राय पहुंचे और नदी में २०० मीटर आगे जाल लगवा दिया। मानिकपुर से एसडीआरएफ को बुलाया लेकिन ग्रामीण लगातार तलाश में जुटे रहे। शुक्रवार सुबह उसका शव जाल में फंस गया। ग्रामीण जाल के पास तलाश करने लगे तो शव मिल गया। उसे बाहर निकाले जाने के बाद परिजन शव से लिपटकर बिलखने लगे। वह दो भाई और तीन बहन में सबसे छोटा था। उसकी मां का दो साल पहले निधन हो गया था। पिता मानसिक रूप से कमजोर है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, दोस्त घायल

भागीपुर के पास दुर्गागंज-रानीगंज मार्ग पर हुआ हादसा

रानीगंज, प्रतापगढ़। दुर्गागंज-रानीगंज मार्ग पर भागीपुर के पास गुरुवार देर रात सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गयी, जबकि उसका दोस्त घायल हो गया। अज्ञात वाहन की टक्कर से हुए हादसे की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्रयागराज जनपद के सोरांव थाना क्षेत्र के पुरखीपुर गांव निवासी हरिलाल सरोज का २४ वर्षीय बेटा पंकज सरोज अपने दोस्त सानू पटेल पुत्र अवधेश पटेल के साथ रानीगंज आया था। गुरुवार रात करीब १२.३० बजे भागीपुर के पास उनकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में पंकज की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि सानू घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए ट्रामा सेंटर भेजा और उसके माध्यम से मृतक के परिजनों को सूचना दी। मृतक के भाई अनुज सरोज ने बताया कि मांधाता क्षेत्र के धर्मेंद्र पटेल ने गुरुवार शाम सानू के जरिए पंकज को बुलवाया था।

देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजन परेशान थे। उन्होंने हादसे के बाद पंकज को छोड़कर चले जाने का आरोप भी लगाया। थानाध्यक्ष अवन कुमार ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। शिकायत मिलने पर आगे की कारवाई की जाएगी।

आनलाइन सट्टेबाजी और साइबर धोखाधड़ी गिरोह का पर्दाफाश, पांच गिरफ्तार

३२ मोबाइल, ४६ भारतीय सिम, यूके के सिम कार्ड, फर्जी बैंक पासबुक और एटीएम कार्ड बरामद

प्रतापगढ़। साइबर क्राइम पुलिस ने आनलाइन सट्टेबाजी और फर्जी बैंक खातों के जरिए धोखाधड़ी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के पांच सदस्यों को लखनऊ के चिनहट क्षेत्र स्थित मल्हौर रेलवे स्टेशन रोड से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से बड़ी संख्या में इलेक्ट्रानिक उपकरण और वित्तीय दस्तावेज बरामद किये हैं।

पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन और एएसपी पूर्वी आलोक कुमार के पर्यवेक्षण में यह कारवाई जानलेवा हमले में दर्ज मुकदमें की विवेचना के दौरान की गयी। गिरफ्तार आरोपित मध्य प्रदेश और गुजरात के निवासी हैं। पुलिस के मुताबिक, गिरोह फर्जी दस्तावेजों के सहारे बैंक खाते और सिम कार्ड हासिल कर आनलाइन गेमिंग एवं सट्टेबाजी में इस्तेमाल करता था। इन खातों के माध्यम से धनराशि का लेन-देन कर धोखाधड़ी की जाती थी। पुलिस ने ३२ स्मार्टफोन, ४६ भारतीय सिम कार्ड, यूके के दो सिम कार्ड, एक डेल लैपटाप, एक डेस्कटाप, आठ बैंक पासबुक, सात एटीएम कार्ड और ३,९९० रुपये नकद बरामद किये हैं। इलेक्ट्रानिक उपकरणों का डेटा भी साक्ष्य के लिए सुरक्षित किया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपितों के खिलाफ बीएनएस, आईटी एक्ट और आनलाइन गेमिंग अधिनियम के तहत कारवाई की जा रही है। सभी को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से सभी को जेल भेज दिया गया।



पुलिस लाइन में खुलासा करते एएसपी पूर्वी आलोक कुमार के साथ आरोपित।

महंगाई में बेतहाशा बढ़ोतरी मोदी सरकार की विफलता-प्रमोद

लालगंज, प्रतापगढ़। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने महंगाई में बेतहाशा बढ़ोतरी को मोदी सरकार की विफलता करार दिया। शुक्रवार को रामपुरखास के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे सांसद ने लालगंज स्थित कैंप कार्यालय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि थोक मूल्य महंगाई ११.३९ प्रतिशत और खाद्य महंगाई ८.६६ प्रतिशत तक पहुंचना अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती है। महंगाई से गरीब और मध्यम वर्ग परेशान है, जबकि सरकार पूंजीपतियों को लाभ पहुंचा रही है। अंकिता भंडारी हत्याकांड का जिक्र करते हुए उन्होंने निष्पक्ष सीबीआई जांच की मांग उठाई। साथ ही मुख्य चुनाव आयुक्त के मुद्दे पर कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के संघर्ष को लोकतंत्र तथा मताधिकार की रक्षा की लड़ाई बताया। इससे पहले सांसद ने कैंप कार्यालय में जनसमस्याएं सुनीं और विभिन्न दुर्गा पंडालों में दर्शन-पूजन किया। इस दौरान पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नाबालिग से प्रेम प्रसंग के मामले में हाईटेंशन टावर पर चढ़ा युवक, हड़कंप

१५० फीट ऊंचे टावर पर चढ़कर प्रेमिका को बुलाने की जिद

बाबागंज, प्रतापगढ़। संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब कुसेमर गांव निवासी कपिल पटेल करीब १५० फीट ऊंचे हाईटेंशन टावर पर चढ़ गया। कुसेमर और हिसामपुर गांव के बीच स्थित टावर पर चढ़े युवक ने नीचे उतरने के लिए लड़की से मिलने की शर्त रख दी। उसका कहना है कि जब तक लड़की उससे मिलने नहीं आएगी, वह टावर से नीचे नहीं उतरेगा। बताया जा रहा है कि करीब एक महीने पहले युवक का एक नाबालिग लड़की के साथ प्रेम प्रसंग का मामला सामने आया था। इस संबंध में लालगंज थाने में मुकदमा दर्ज है। शुक्रवार सुबह करीब सात बजे युवक अचानक हाईटेंशन टावर पर चढ़ गया। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गयी और मौके पर लोगों की भीड़ जुटने लगी। युवक के टावर पर चढ़ने की सूचना पुलिस को दी गयी।

ऊंचाई पर युवक के मौजूद होने से किसी अनहोनी की आशंका को लेकर लोग चिंतित रहे।

खबर लिखे जाने तक थानाध्यक्ष महेशगंज सिद्धार्थ सिंह ने कहा युवक को टावर से उतारने की कोशिश की जा रही है।



हिसामपुर में टावर पर चढ़ा युवक।

कोचिंग गयी किशोरी लापता, युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

बेटी के घर नहीं लौटने से परेशान परिजनों ने जतायी अनहोनी की आशंका

गौरा, प्रतापगढ़। फतनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से कोचिंग पढ़ने गयी १६ वर्षीय किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने जौनपुर निवासी एक युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

किशोर के पिता के मुताबिक, उनकी बेटी १३ अक्तूबर की सुबह करीब पांच बजे कोचिंग पढ़ने के लिए घर से निकली थी। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। इस दौरान जानकारी मिली कि किशोरी जौनपुर जिले के सुजानगंज थाना क्षेत्र के सराय कनेत निवासी किशन गौतम के संपर्क में थी। आरोप है कि किशन गौतम पुत्र महेंद्र गौतम किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। पिता ने बेटी के साथ किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से कारवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर किशोरी की तलाश और मामले की जांच शुरू कर दी है।

किशोरी का अपहरण, तीन के खिलाफ मुकदमा

लालगंज, प्रतापगढ़। किशोरी के अपहरण को लेकर उदयपुर पुलिस ने तीन आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे फत्ते लोका निवासी कप्तान सिंह की पत्नी शीला सिंह ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि उसकी उन्नीस वर्षीया पुत्री सात अक्तूबर को घर से बाहर गयी थी। सांगीपुर थाना क्षेत्र के ओरीपुर नौगीर निवासी आरोपित राजा बाबू पुत्र पप्पू सिंह पर आरोप है कि शादी का झांसा देकर वह युवती को अपहृत कर ले गया। जानकारी मिलने पर पीड़िता ने आरोपित के घर पूछतांछ किया तब आरोपित की मां लीलावती और मामी सगरहिन ने गालीगलौज करते हुए जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले में केस दर्ज किया है।

नवरात्र के छठें दिन मां कात्यायनी के दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु

देवी मंदिरों में लगी कतारें, पूजा-पंडालों में मंगलगीत गाकर मांगी सुख-समृद्धि

परियावां, प्रतापगढ़। शारदीय नवरात्र के छठवें दिन शुक्रवार को मां दुर्गा के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। क्षेत्र के ज्वाला देवी मंदिर मानिकपुर, माता मैया धाम परियावां, नौलखा मंदिर लवाना और भवानीगंज स्थित देवी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने नारियल, चुनरी और श्रृंगार सामग्री अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिरों के साथ विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों में भी पूजन-अर्चन हुआ। महिलाओं ने देवी के समक्ष मंगलगीत गाए और परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की। कई श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में बच्चों का मुंडन संस्कार भी कराया। धार्मिक मान्यता के अनुसार, मां कात्यायनी का प्राकट्य महिषासुर के विनाश के लिए ब्रह्मा, विष्णु और महेश के तेज से हुआ था। महर्षि कात्यायन ने सबसे पहले उनकी पूजा की थी, इसलिए उनका नाम कात्यायनी पड़ा।

मां का स्वरूप शक्ति और साहस का प्रतीक माना जाता है। नवरात्र के छठवें दिन साधक मां की आराधना कर शांति, शक्ति और समृद्धि का आशीर्वाद मांगते हैं।